# आईएएस प्रशिक्षुओं को इन्वेस्ट यूपी ने दिखाई निवेश प्रोत्साहन की नई राह

अमर उजाला ब्यूरो

## विंटर स्टडी टूर के तहत सुशासन आधारित आर्थिक परिवर्तन की दी गई विस्तृत जानकारी

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी में विंटर स्टडी टूर के तहत लखनऊ पहुंचे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रोफेशनल कोर्स फेज-I (2025 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों को बुधवार को प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन व्यवस्था और सुशासन आधारित आर्थिक परिवर्तन की विस्तृत जानकारी दी गई। यह संवाद सत्र इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

प्रेरणा शर्मा ने कहा कि किसी भी निवेश प्रोत्साहन एजेंसी की सबसे बड़ी भूमिका सरकार की नीतियों को निवेशकों के भरोसे में बदलना है। पहले निवेश प्रक्रिया जटिल और लंबी थी, लेकिन निवेश मित्र पोर्टल ने निवेशकों के अनुभव को सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से जिलास्तर पर सक्रिय सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाने का आग्रह किया, ताकि निवेश प्रस्ताव समयबद्ध रूप से क्रियान्वित हो सकें।

सत्र में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स तथा विभिन्न सेक्टर-विशेष निवेश नीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति और एफडीआई नीति से जुड़ी जानकारियां भी साझा की गईं।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए विकसित किए जा रहे निवेश मित्र 3.0 पोर्टल की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला गया।